**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.07.2024** **1945बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री ने राज्य वन निगम को अपने डिपो में रखी ईमारती लकड़ी की निस्तारण प्रक्रिया में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- सांसद सुरेश कश्यप ने हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए एक अलग मंत्रालय गठित करने का केन्द्र से किया आग्रह।
- प्रदेश में ऑनलाइन परिवार पंजीकरण प्रक्रिया आज से शुरू– लोगों को ऑनलाइन अपलोड करने होंगे दस्तावेज।
- राज्य में अगले तीन–चार दिन गति पकड़ेगा मॉनसून– कई भागों में भारी वर्षा का अलर्ट।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य वन निगम को अपने डिपो में रखी ईमारती लकड़ी की निस्तारण प्रक्रिया में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज निगम की निदेशक मंडल की बैठक में उन्होंने कहा कि निस्तारण होने से ईमारती लकड़ी को गलने से बचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य वन विकास निगम एफ.सी.ए मंजूरी के बाद पहली बार ब्यास नदी से खनन गतिविधियां शुरू करेगा। उन्होंने दोषी ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने और उनके खिलाफ वसूली की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पिछले तीन वर्षों में निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस दौरान 20 करोड़ रूपये से अधिक का लाभ अर्जित किया गया है। उन्होंने बताया कि वन निगम में कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए एक सौ वन वीर नियुक्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले मॉनसून में शिमला शहर में 6 सौ 18 पेड़ क्षतिग्रस्त

हुए और उनकी लकड़ी बेच कर अढ़ाई करोड़ रूपये का लाभ अर्जित किया गया है।

**लोकसभा बजट चर्चा**

लोकसभा में आज आम बजट 2024–25 पर चर्चा फिर शुरू हुई। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के सुरेश कश्यप ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह देश को नई दिशा देगा और आत्मनिर्भर बनाएगा। सुरेश कश्यप ने हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए एक अलग मंत्रालय गठित करने की मांग की जो इन राज्यों को सहायता मुहैया करवा सके। उन्होंने हिमाचल में पर्यटन के लिए अतिरिक्त सहायता देने और सिरमौर ज़िले में सीमेंट प्लांट का मुद्दा भी उठाया। सुरेश कश्यप ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निजी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड को बंद करने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि कांग्रेस सरकार पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को बंद कर रही है।

**सिकंदर कुमार**

सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने आज राज्यसभा में हिमाचल में बाढ़ व तटीय कटाव के कारण प्रभावित हुए लोगों का मुद्दा उठाया। इस पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में केन्द्र सरकार ने हिमाचल को तटीकरण के लिए लगभग 2 सौ 25 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ब्यास और सतलुज घाटी के ऊपरी क्षेत्रों में तटीय कटाव होना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। जल शक्ति मंत्री ने बताया कि केन्द्रीय जल आयोग द्वारा हिमाचल में 26 जल विज्ञान संबंधी प्रेक्षण नेटवर्क का रखरखाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर वर्षा, हिम जल संरक्षण प्रणाली की योजना, डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के माध्यम से जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से एक परियोजना तैयार की गई है।

सिकंदर कुमार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रदेश में वर्तमान स्थिति का मामला भी उठाया।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि निजी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड की मान्यता बंद कर प्रदेश सरकार ने जनता का सहारा छीना है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार के पास अपनी कोई भी उपलब्धि नहीं है और पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं पर भी तालाबंदी की जा रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश की जनता को भारी नुकसान होगा और सरकार ने लाखों लोगों का हक छीना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने आर्थिक कुप्रबंधन के चलते निजी अस्पतालों में हिमकेयर योजना बंद की है।

**अवस्थी**

इस बीच मुख्य संसदीय सचिव स्वास्थ्य संजय अवस्थी ने कहा है कि हिमकेयर योजना में अनियमितताएं पाए जाने के बाद सरकार ने निजी अस्पतालों में इस सेवा को कुछ समय के लिए बंद किया है। उन्होंने कहा कि इन अनियमितताओं की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं की जाच करने के बाद पात्र लोगों को फिर से हिमकेयर योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। अवस्थी ने स्पष्ट किया कि निजी अस्पतालों में हिमकेयर योजना को बंद करने की सरकार की कोई मंशा नहीं है और इसमें गड़बड़ियों की जांच की जा रही है।

**अनिरूद्ध सिंह**

प्रदेश में ऑनलाइन परिवार पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज हिप्पा में विभाग की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में इसका शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब

मैनुअल आधार पर नाम दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी तरह बंद कर दी गई है अब राजस्व विभाग की तर्ज पर पंचायतों में भी परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने, नाम काटने और त्रुटि सुधार भी ऑनलाइन ही किया जाएगा। इसके लिए लोगों को ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने होंगे। ग्रामीण विकास मंत्री ने अधिकारियों को मनरेगा कार्यों में तेज़ी लाने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

**जगत सिंह नेगी**

संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी पटवारी व कानूनगो महासंघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज शिमला में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ बैठक की लेकिन इसमें कोई सहमति नहीं बन पाई। उल्लेखनीय है कि पटवारी और कानूनगो अपना कैडर ज़िले से बदलकर स्टेट करने का विरोध कर रहे हैं। इस बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार अपने इस निर्णय को वापिस नहीं लेगी और पटवारियों व कानूनगो का विरोध जायज़ नहीं है। उन्होंने कहा कि पटवारी व कानूनगो के पदों को स्टेट कैडर में शामिल करने से इनकी पदोन्नति और अन्य लाभों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने आज नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे से भेंट कर संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनावों की विस्तृत रिपोर्ट भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर फिजूलखर्ची को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने हर मंत्री के लिए

दो लोगों को भर्ती करने को मंजूरी दे रहे हैं जो मंत्रियों की छवि को चमकाएंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर दिन जनविरोधी फैसले लेकर पैसों की बर्बादी कर रही है। उन्होंने कहा कि छवि चमकाने के लिए सरकार को ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की ज़रूरत है और बाहरी आडम्बरों से मंत्रियों की छवि नहीं चमकेगी। विपक्ष के नेता ने कहा कि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं और सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास अपनी छवि चमकाने के लिए पैसा है लेकिन बिजली सब्सिडी देने के लिए पैसा नहीं है। जयराम ठाकुर ने सरकार को जनहित से जुड़े कार्यों पर ध्यान केन्द्रित करने की सलाह दी है।

**भुट्टिको**

भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कल मन की बात कार्यक्रम में भुट्टिको शॉल व अन्य हथकरघा उत्पादों का उल्लेख करने से कुल्लू ज़िले के बुनकर उत्साहित हैं। कुल्लू में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि बुनकरों को प्रधानमंत्री से काफी आशाएं हैं और वे उनके लिए कई योजनाएं शुरू करने की आस लगाए बैठे हैं। सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि भुट्टिको का उल्लेख करने के लिए वे प्रधानमंत्री के आभारी हैं और इससे हथकरघा उत्पादों को बल मिलने के अलावा देश–विदेश में इनकी मांग भी बढ़ेगी।

**मौसम**

प्रदेश में इस बार मॉनसून के दौरान अभी तक सामान्य से 35 फीसदी कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मंडी और कांगड़ा को छोड़कर राज्य के अन्य सभी ज़िलों में बहुत कम वर्षा हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदेश में मॉनसून के ज़ोर पकड़ने की संभावना है और कुछ भागों में भारी वर्षा का अलर्ट भी जारी किया गया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि आज और कल प्रदेश के अनेक भागों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है

जबकि 31 जुलाई व पहली अगस्त को कुछ क्षेत्रों में बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारी वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है।

इस बीच पिछले 24 घंटों में हुई वर्षा से अनेक स्थानों पर भूस्खलन के मामले सामने आए हैं। सोलन ज़िले के दत्यार में बीती रात एक गाड़ी के भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान कपूरथला पंजाब के देवराज के रूप में की गई है। शिमला के ऑकलैंड–भराड़ी सड़क पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से यातायात बाधित रहा।

**चंद्र कुमार**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने अधिकारियों व वैज्ञानिकों को खेत–खलियानों में जाकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करने और उन्हें कृषि की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने को कहा है। कांगड़ा ज़िले के ज्वाली में आज उन्होंने कृषि अधिकारियों व वैज्ञानिकों के साथ एक बैठक की। चंद्र कुमार ने फील्ड स्तर पर जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों व वैज्ञानिकों के साथ खरोटा क्षेत्र में खेतों का दौरा किया और फॉल आर्मी वर्म कीड़े की चपेट आई मक्की की फसल का निरीक्षण किया। कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को इस कीट की रोकथाम के संबंध में किसानों को आकाशवाणी के माध्यम से जागरूक करने के निर्देश दिए।

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री ने राज्य वन निगम को अपने डिपो में रखी ईमारती लकड़ी की निस्तारण प्रक्रिया में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- सांसद सुरेश कश्यप ने हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए एक अलग मंत्रालय गठित करने का केन्द्र से किया आग्रह।

- प्रदेश में ऑनलाइन परिवार पंजीकरण प्रक्रिया आज से शुरू– लोगों को ऑनलाइन अपलोड करने होंगे दस्तावेज।
- राज्य में अगले तीन–चार दिन गति पकड़ेगा मॉनसून– कई भागों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी।